महामंत्र जोई जपत महेशू। काशी मुकुती हेतु उपदेशू।।
मन्त्र महामनि विषय व्याल के। मेटत कठिन कुअंक भाल के।।
|| Ram Katha 960 - ॐमानस महामंत्र || Davos ( Switzerland) || मोरारी बापू ||

सांध्य दैनिक
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 13 | इंदौर, शुक्रवार 25 जुलाई, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

भारत और यूके में फ्री ट्रेड डील पर ऐतिहासिक करार हुआ

## UK से पीएम मोदी बोले- नहीं बख्शे जाएंगे लोकतंत्र के दुश्मन



**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर साइन हुए। समझौते के बाद पत्रकारों से बात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले का भी जिक्र किया। पाकिस्तान का सीधा नाम न लेते हुए तीखा हमला बोला कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंड नहीं चल सकते। 22 अप्रैल को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी गई थी।

पीएम मोदी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ भारत-ब्रिटेन के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर दस्तखत के बाद बोल रहे थे। यह समझौता दोनों देशों के लिए व्यापार और निवेश के नए रास्ते खोलेगा। पीएम मोदी कहा, "जो लोग लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग करके लोकतंत्र को ही कमजोर करना चाहते हैं, उन्हें जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरा मापदंड स्वीकार नहीं किया जा सकता।" पीएम मोदी ने संवाददाताओं से बातचीत में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत यूके सरकार और पीएम स्टार्मर को धन्यवाद देते हैं कि उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और वादा किया कि यूके सरकार आतंकवाद के मुद्दे पर भारत के साथ खड़ी है।

## ECI: विरोध के बावजूद पूरे देश में होगा मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण का काम, चुनाव आयोग जल्द जारी करेगा शेड्यूल

सीएम डॉ. यादव बोले-

# मध्यप्रदेश को औद्योगिक और रोजगार का अग्रणी राज्य बनाएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को भोपाल के पास अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र में 416 करोड़ रुपये के निवेश वाली 6 औद्योगिक इकाइयों का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश को एक औद्योगिक और रोजगार संपन्न राज्य बनाया जाएगा। उन्होंने उद्योगों को "मेहनत के मंदिर" बताते हुए कहा कि यह संस्थान आमजन के कष्टों को दूर करते हैं और समृद्धि का मार्ग खोलते हैं। उन्होंने उद्योगपतियों से संवाद करते हुए राज्य सरकार की उद्योग अनुकूल नीतियों का उल्लेख किया। प्रदेश के युवाओं को पलायन की आवश्यकता नहीं है, नए उद्योग शुरू होने से प्रदश में तेजी से समृद्धि आएगी। युवाओं को रोजगारपरक उद्योगों में प्रोत्साहन देते हुए 5 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अचारपुरा में गोकलदास गारमेंट इकाई का भ्रमण किया। उन्होंने यहां कार्य करने वाली बहनों से बातचीत भी की।

### एक सप्ताह के अंदर पुलिस चौकी स्थापित की जाएगी

मुख्यमंत्री ने अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र एक्सटेंशन फेज-3 (ग्राम हज्जामपुर) का भूमि पूजन भी




किया, जो 31.21 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने युवा उद्योगपतियों को भूमि आवंटन के आशय-पत्र भी वितरित किए। मध्यप्रदेश को औद्योगिक और रोजगार संपन्न राज्य बनाएंगे और मध्यप्रदेश देश का नंबर एक राज्य होगा। साथ ही उन्होंने घोषणा की कि अचारपुरा में एक सप्ताह के भीतर पुलिस चौकी स्थापित की जाएगी, जिसमें महिला अधिकारी भी पदस्थ की जाएंगी।

### दीपावली के बाद महिलाएं को मिलेंगे 1500 रुपए

प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ाकर 55 लाख हेक्टेयर है जिसे बढ़ाकर 100 लाख हेक्टेयर करेंगे। प्रदेश की सभी पात्र लाड़ली बहनों को दीपावली के बाद 1500 रुपए की राशि हर माह दी जाएगी। सावन का महीना है, बहनों को शगुन की राशि भी देंगे। लाड़ली बहनों की राशि साल दर साल बढ़ाएंगे और इसे वर्ष 2028 तक बढ़ाकर 3000 रुपए तक ले जाएंगे।

### अचारपुरा बन बन रही जैकेट्स अमेरिका जा रहे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश का औद्योगिक परिदृश्य पूरी दुनिया में मजबूत हुआ है। 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में 15वें नंबर पर थी, आज हम तीसरे स्थान की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 20 वर्षों में 11 हजार से बढ़कर 1 लाख 52 हजार रुपये हो गई है और इसे और ऊपर ले जाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अचारपुरा क्षेत्र में निर्मित जैकेट्स अमेरिका समेत अन्य देशों में निर्यात की जा रही हैं, जो राज्य की प्रतिभा और उत्पादन क्षमता को दर्शाती है। मुख्यमंत्री ने गोकुलदास गारमेंट्स यूनिट का भ्रमण भी किया और वहां काम कर रहीं महिलाओं से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

तीन दिन में एफआईआर कराने का दिया आदेश

# इंदौर में रजिस्ट्रियों में भारी फर्जीवाड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रजिस्ट्रार कार्यालय में रजिस्ट्री फर्जीवाडा कांड के मामले में गड़बडियों के और भी पुख्ता सूत्र मिले हैं। खास बात यह कि इस घपले में रिकॉर्ड सेक्शन के लोगों की भी लिप्तता सामने आई हैं। इससे जुड़े कई केसों के दस्तावेज भी हाथ लगे हैं।**

कलेक्टर आशीष सिंह ने जांच रिपोर्ट के आधार पर विभागीय अधिकारी को तीन में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। खास बात यह कि इसमें 20 मजबूत दस्तावेजी साक्ष्य पाए गए जिनमें भारी पैमाने पर शासन को चपत लगाई गई। कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि पूर्व में इस मामले में प्रशासन की ओर से




पंढरीनाथ थाने पर एफआईआर भी दर्ज कराई जा चुकी है। दरअसल रजिस्ट्रियों की गड़बड़ियों का यह मामला सितम्बर 2024 में सामने आया था। तब प्रशासन द्वारा विभागीय जांच की गई थी। जांच में पता चला था कि एक फर्जी रजिस्ट्री गिरोह सक्रिय है। इसमें कुछ दलाल और भूमाफिया शामिल हैं जो फर्जी रजिस्ट्री बनवा रहे है। कलेक्टर ने बताया कि जांच में नए सूत्र मिले हैं। इसमें पता चला कि रजिस्ट्रियों के लिए जो दस्तावेज कार्यालय में जमा किए जाते हैं उसमें बड़ी गड़बड़ियां की जाती है। इस संबंध में कुछ शिकायतें मिली थी, जांच में वे सही पाई गई। इसमें रिकॉर्ड सेक्शन के लोग लिप्त हैं। शुरुआती दौर में ही करीब 20 बड़ी आवासीय रजिस्ट्रियों में कई गड़बड़ियां मिली हैं। मामले में संबंधितों के खिलाफ नामजद केस दर्ज होने के साथ सख्त विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। इसके साथ ही अन्य रजिस्ट्रियों व दस्तावेजों की छानबीन की जा रही है। इस पूरे मामले में पूर्व में रिकॉर्ड कीपर को सस्पेंड किया गया था। इसमें जिला पंजीयन कार्यालय के अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों के भी लिप्त होने की आशंका है। ऐसे भी सूत्र मिले हैं कि कुछ लोगों की संपत्तियों और जमीनों की अन्य लोगों द्वारा फर्जी रजिस्ट्रियां करा ली गई हैं। जबकि उन्होंने अपनी संपत्तियों और जमीनों का क्रय-विक्रय किया ही नहीं है। जिन लोगों के नाम पर फर्जी रजिस्ट्रियां तैयार की गई थी वहां कुछ लोग उनकी संपत्तियों पर बलपूर्वक कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। सीनियर डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार डॉ. अमरेश नायडू ने बताया कि विभाग में आमजन द्वारा करवाई गई रजिस्ट्रीयों को रिकार्ड में सुरक्षित रखा जाता है। इसमें आमजन की पूरी जीवनभर की कमाई लगी होती है। कई महीनों से रिकार्ड के संबंध में गंभीर शिकायतें मिल रही थी। रिकॉर्ड सेक्शन के संबंध में न केवल कतिपय रजिस्ट्रियों में हेर-फेर की शिकायतें लगातार मिल रही थी, बल्कि इस तरह की शिकायतें भी मिल रही थी कि, लेनदेन कर इस तरह की गंभीर अनियमितताएं की जा रही है।

# अन्नपूर्णा तालाब पर बनेगा सवा करोड़ का घाट

## ◆ छठ पूजा होगी और भव्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर नगर निगम द्वारा छठ पूजा के लिए विभिन्न स्थानों पर घाट निर्माण की योजना के तहत वर्षों पुराने अन्नपूर्णा तालाब को चुना गया है। निगम यहां सवा करोड़ रुपये की लागत से घाट बनाएगा और तालाब परिसर का संपूर्ण सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। इसके अंतर्गत प्रवेश द्वार से लेकर तालाब के चारों ओर सुविधाजनक घाट निर्माण, लाइटिंग और बैठने की व्यवस्था की जाएगी, जिससे छठ पूजा जैसे प्रमुख पर्व को मनाने में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।



एक समय पर अन्नपूर्णा तालाब की हालत बेहद खराब थी। चारों ओर गंदगी, कचरे के ढेर और जलकुंभी से भरे इस तालाब के आसपास लोग आना तक पसंद नहीं करते थे। नगर निगम द्वारा कुछ समय पूर्व इस तालाब की साफ-सफाई करवाई गई और आसपास के क्षेत्र में विकास कार्य कराए गए, जिससे स्थिति में सुधार आया। अब निगम यहां छठ पूजा के मद्देनजर विशेष घाट निर्माण करने जा रहा है। इसके लिए निगम द्वारा टेंडर जारी किए गए हैं, जिनमें घाट निर्माण के साथ-साथ परिसर का समग्र सौंदर्यीकरण भी शामिल है। छठ पूजा उत्तर भारतीय समुदाय का प्रमुख पर्व है और इंदौर में इसकी लोकप्रियता को देखते हुए नगर निगम इसे व्यवस्थित ढंग से मनाने के लिए कार्य कर रहा है। अन्नपूर्णा तालाब पर बन रहे इन घाटों की योजना इस तरह से तैयार की जा रही है कि श्रद्धालुओं को जगह, सुविधा और स्वच्छता के स्तर पर कोई परेशानी न हो। निगम अधिकारियों का कहना है कि कार्यों के लिए समय सीमा निर्धारित की जाएगी ताकि त्यौहार से पहले सभी निर्माण पूर्ण हो जाएं। साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी छठ पूजा के लिए उपयुक्त जमीनों की तलाश की जा रही है, जहां भविष्य में घाट बनाए जा सकें।

# स्कूल, होस्टल के स्टूडेंट्स का होगा स्वास्थ्य परीक्षण

## स्वास्थ्य अधिकारियों को जारी किए आवश्यक दिशा-निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्कूल, आंगनवाड़ी और छात्रावास के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं।**

सीएमएचओ डॉ. माधव प्रसाद हसानी ने इसे लेकर भारत शासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बताया गया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यरत मोबाइल हेल्थ दल वर्ष में एक बार शासकीय विद्यालय तथा शासन से अनुदान प्राप्त विद्यालयों में एवं वर्ष में दो बार 6-6 माह के अंतराल पर आंगनवाड़ी केन्द्रों का भ्रमण कर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनको उपचार करते हैं। साथ ही जानकारी भारत शासन के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम पोर्टल पर दर्ज की जाती है। इसके अतिरिक्त समय - समय पर वरिष्ठ कार्यालयों द्वारा जिले के समस्त छात्रावास में निवासरत बच्चों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम दल प्रत्येक 3 माह में एक बार अपने क्षेत्र में आने वाले छात्रावास का भ्रमण कर स्वास्थ्य परीक्षण करें। ग्रामीण क्षेत्र के होस्टल्स का भ्रमण स्वास्थ्य परीक्षण के लिए प्रत्येक माह होस्टल के निकटतम केंद्र, क्षेत्र में कार्यरत चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, नर्सिंग ऑफिसर या एएनएम द्वारा कर जानकारी खंड कार्यक्रम प्रबंधक के माध्यम से जिला कार्यक्रम प्रबंधक इकाई में माह के अंत तक दी जाएं। शहरी क्षेत्र के होस्टल्स के स्टूडेंट्स का स्वास्थ्य परीक्षण राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम दल प्रत्येक 3 माह में एक बार करें। साथ ही प्रत्येक माह स्वास्थ्य परीक्षण होस्टल्स निकटतम यूपीएचसी, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक में कार्यरत चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग ऑफिसर द्वारा किया जाता है, वह जारी रखें।

# प्रतिभाशाली स्टूडेंट्स को मिलेगी फ्री कोचिंग

## 26 जुलाई तक कर सकते है आवेदन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। स्कूल शिक्षा विभाग प्रदेश में प्रतिभाशाली स्टूडेंट्स को देश के श्रेष्ठ संस्थानों में एडमिशन की कोचिंग के लिए सुपर- 100 योजना चला रहा है। कोचिंग के लिए चयनित स्टूडेंट्स को विभाग शासकीय सुभाष उच्तर माध्यमिक स्कूल भोपाल और शासकीय मल्हार आश्रम उच्तर माध्यमिक स्कूल इंदौर में फ्री कोचिंग के साथ रहने की सुविधा भी दे रहा है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश के कई स्टूडेंट्स देश के चयनित इंजीनियरिंग, मेडिकल, लॉ और मैनेजमेंट से जुड़े कॉलेज में एडमिशन मिला है। सुपर-100 योजना में मेधावी स्टूडेंट्स को कॉम्पिटिटिव एग्जाम के लिए फ्री कोचिंग देने की व्यवस्था है। इस योजना में प्रदेश के सरकारी स्कूलों में क्लास 10th में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स का एग्जाम के माध्यम से सिलेक्शन किया जाता है। इस साल राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन 26 जुलाई तक किया जा सकता है। एग्जाम की तारीख 3 अगस्त रविवार को पहली पाली में जेईई और दूसरी पाली में नीट के लिए परीक्षा होगी। एग्जाम सेंटर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में उत्कृष्ट माध्यमिक स्कूल में बनाए है। एग्जाम फॉर्म 200 रुपए प्रति छात्र निर्धारित किया गया है। सिलेक्ट होने वाले स्टूडेंट्स को निशुल्क छात्रावास सुविधा, आधुनिक लैब, स्मार्ट और वर्चुअल क्लासेज और स्टूडेंट्स को करियर काउंसलिंग की बेहतर व्यवस्था दी जाती है। सुपर 100 योजना के माध्यम से स्टूडेंट्स को एम्स, आईआईटी के साथ देशभर के कई कॉलेजों में एडमिशन मिला है। लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को चयन प्रतियोगी परीक्षा में ज्यादा से ज्यादा स्टूडेंट्स शामिल हो सके इसके लिए योजना की जानकारी दिए जाने के निर्देश दिए है। आवेदन www.mponline.gov.in पर किए जा सकते हैं। परीक्षा का प्रवेश पत्र वेबसाइट www.mpsos.nic.in अथवा मोबाइल एप mpsos से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

# देश को मिला पहला 100% स्वदेशी ड्रोन रिमोट सिस्टम 'वाचक'



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भारत की स्पेस और डिफेंस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में गुरुवार का दिन ऐतिहासिक बन गया। इंदौर स्थित डीप-टेक स्टार्टअप प्रीसव टेक्नोलॉजी ने देश का पहला 100% मेड इन इंडिया ड्रोन ऑपरेटिंग रिमोट यूनिट 'वाचक' लॉन्च किया है।**

अब तक देश में जो भी ड्रोन उपयोग में लाए जा रहे थे, चाहे वे भारत में निर्मित हों या यूरोपीय देशों से आयातित, उनके रिमोट कंट्रोल सिस्टम में किसी न किसी स्तर पर चीनी कंपोनेंट की मौजूदगी पाई जाती थी। लेकिन 'वाचक' ऐसा पहला रिमोट कंट्रोल सिस्टम है, जिसमें एक भी विदेशी पार्ट इस्तेमाल नहीं किया गया है।

प्रीसव के फाउंडर अभिषेक मिश्रा ने बताया, "यह सिर्फ एक रिमोट कंट्रोल नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ठोस और तकनीकी छलांग है। 'वाचक' को हैक या जाम नहीं किया जा सकता क्योंकि यह एक विशेष और सुरक्षित फ्रीक्वेंसी बैंड पर काम करता है।" यह प्रणाली खासतौर पर डिफेंस, पुलिस, बॉर्डर सिक्योरिटी और संवेदनशील मिशनों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी। इंदौर के सांसद शंकर लालवानी ने भी इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की और कहा कि "भारत का पहला स्वदेशी ड्रोन ऑपरेटिंग सिस्टम इंदौर की कंपनी ने तैयार किया, यह पूरे देश के लिए गर्व की बात है।" प्रीसव ने अपने प्रोजेक्ट "वाचक" के लिए भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेटेंट प्रक्रिया शुरू कर दी है। यदि पेटेंट स्वीकृत होता है, तो यह देश का पहला पूरी तरह स्वदेशी ड्रोन नियंत्रण प्रणाली (Drone Control System) होगा। बता दें कि प्रीसव इससे पहले "नभ रक्ष" ड्रोन, AI आधारित एंटी-ड्रोन टेक्नोलॉजी और AR/AI आधारित शिक्षण प्रणाली जैसे नवाचारों पर भी काम कर चुका है।

# नंदीश्वर कावड़ यात्रा बोल बम के जयकारे के साथ महाकाल के लिए रवाना



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। बोल बम, बाबा ने बुलाया है, कावड़िया आया है। सारे तीर्थ एक बार, कावड़ यात्रा बार-बार के जयघोष के साथ गुरुवार सुबह जबरन कालोनी स्थित सुनकर धर्मशाला से यशोधन जैन के मार्गदर्शन में भव्य नंदीश्वर कावड़ यात्रा चल समारोह के साथ नगर भ्रमण करते हुए उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर के लिए प्रस्थान हुई। नंदेश्वर कावड़ यात्रा संयोजक धनंजय अनीत जैन ने बताया कि महादेव की आराधना के पवित्र श्रावण मास में ओंकारेश्वर से इंदौर होकर महाकालेश्वर उज्जैन तक की इस कावड़ यात्रा का यह चौथा वर्ष है। कावड़ यात्रा का प्रमुख संकल्प है कि जो महाकाल भक्तजन महाकाल दर्शन हेतु उज्जैन जाने में असमर्थ है तो उन सभी भक्तजनों की और से जल भगवान महाकाल जी को उनके नाम के साथ अर्पित किया जाए। यात्रा बैंड बाजे के साथ बोल बम के जयघोष के साथ धूमधाम से निकली। कावड़ यात्रा जबरन कालोनी स्थित सुनकर धर्मशाला से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए राजबाड़ा स्थित मां अहिल्या माता को नमन करते हुए महाकालेश्वर उज्जैन के लिए प्रस्थान किया। कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में कांवड़िए व महिला पुरुष श्रद्धालु चल रहे थे। उज्जैन पहुंच कर सभी कावड़ यात्री बाबा को जल समर्पित कर बाबा का अभिषेक करेंगे। कावड़ यात्रा का जगह जगह स्वागत हुआ एवं यात्रा मार्ग को भगवा ध्वज से सजाया गया था।

# कर्मचारियों से व्यापारी नाराज, आज निगमायुक्त से मिलेंगे विभिन्न संगठन के पदाधिकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। नगर निगम कर्मचारियों से नाराज व्यापारी शुक्रवार को निगम आयुक्त शिवम वर्मा से मिलेंगे और अपनी समस्या उनके सामने रखेंगे। इसमें कई व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी शामिल होंगे। व्यापारियों ने निगम के कर्मचारियों पर अनुचित दमन, औद्योगिक गतिविधियों में बाधा पहुंचाने और व्यवसाय विरोधी नीतियों का आरोप लगाया है। एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश, फेडरेशन ऑफ फार्मा आंत्रप्रेन्योर एमपी स्टेट ब्रांच, एमपी स्मॉल ड्रग मेन्युफेक्चरिंग एसोसिएशन, मध्यप्रदेश स्मॉल स्केल ड्रग मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन, फुटवियर मेन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन, प्लास्टिक रिप्रोसेस मेन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन, मालवा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, आयरन एंड स्टील री रोलिंग मिल एसोसिएशन, पोलोग्राउंड औद्योगिक संगठन, पालदा औद्योगिक संगठन ने अपना समर्थन दिया है। नगर निगम कर्मचारियों से व्यापारी परेशान हैं और उनमें काफी समय से आक्रोश है। इसके चलते ही व्यापारी संगठन एक होकर संयुक्त रूप से नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा से शुक्रवार सुबह 10 बजे मिलने जा रहे हैं।

# 12 एकड़ में नगर निगम तैयार करेगा ऑक्सीजन पार्क

**इंदौर। मध्यप्रदेश का पहला ऑक्सीजन पार्क बनाने की कवायद शुरू हो गई है। यह पार्क कनाडिया क्षेत्र में बनाया जाएगा। बताया जा रहा है कि कनाडिया रोड पर लगभग 12 एकड़ जमीन पर यह पार्क विकसित किया जाएगा, जहां एक लाख से अधिक पौधों का रोपण किया जाएगा। साथ ही, यहां इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन भी बनाया जाएगा।**

यह जमीन मास्टर प्लान में ग्रीन बेल्ट के रूप में चिन्हित है और ऑक्सीजन पार्क का निर्माण इंदौर नगर निगम द्वारा किया जाएगा। हालांकि, शुरुआत में इस जमीन पर गोशाला बनाने की योजना थी। पार्क में अशोक, कदम, महुआ, नीम, पीपल, आम, बरगद और नीलगिरी जैसे पौधे लगाए जाएंगे, जो अधिक मात्रा में ऑक्सीजन छोड़ते हैं। इन पौधों के माध्यम से इंदौर में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने की कोशिश की जाएगी। इसके अलावा, इस परियोजना से इंदौर को अच्छी कार्बन क्रेडिट भी मिल सकेगी। पौधे




लगाने के लिए गड्ढों की खुदाई शुरू कर दी गई है। पौधों को पानी देने के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से पानी की सप्लाई की व्यवस्था की जाएगी। पार्क के कुल क्षेत्रफल में से 70% भाग हरियाली के लिए और 30% उपयोगी कार्यों के लिए उपयोग किया जाएगा। पार्क के निर्माण के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) आईआईटी जोधपुर द्वारा तैयार की जा रही है। रिपोर्ट तैयार होने तक पौधारोपण का कार्य शुरू करने की योजना है। यह जमीन सांवेर विधानसभा क्षेत्र में आती है, जिसके विधायक एवं प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट हैं। बताया जा रहा है कि मंत्री सिलावट इस जमीन पर गौशाला बनवाना चाहते थे और इसके लिए लगातार प्रयास कर रहे थे कि इसे गौशाला के लिए आवंटित कर दिया जाए। हालांकि, अब इस पर ऑक्सीजन पार्क बनाने की योजना शुरू हो गई है। मध्यप्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन विभाग ने भोपाल और इंदौर में ऑक्सीजन पार्क बनाए जाने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में इंदौर नगर निगम द्वारा कनाडिया रोड स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बने गुलबर्ग परिसर के पीछे 11.82 एकड़ जमीन पर यह पार्क विकसित किया जा रहा है।

## पहले ही दिन फ्लॉप रही इंदौर-मुंबई तेजस ट्रेन, इंदौर से सवार हुए 225 यात्री



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर से मुंबई के बीच शुरू हुई स्पेशल ट्रेन तेजस (संख्या 09085) को यात्रियों का भरपूर साथ नहीं मिला। पहले ही दिन मुंबई से आई ट्रेन के ज्यादातर कोच खाली रहे। मुंबई से 190 यात्री इंदौर पहुंचे, जबकि गुरुवार शाम पांच बजे जब ट्रेन इंदौर से रवाना हुई तो सिर्फ 225 यात्री ही ट्रेन में सवार हुए। उनमें भी ज्यादातर सूरत और वड़ोदरा के यात्री थे।

प्रदेश की पहली तेजस ट्रेन को पहले दिन यात्रियों का प्रतिसाद कम मिलने की एक वजह इसके संचालन के दो दिन पहले बुकिंग शुरू की गई। इस ट्रेन का किराया अधिक है और यह अवंतिका एक्सप्रेस से भी ज्यादा समय ले रही है। मुंबई से यह ट्रेन बुधवार रात 11.20 बजे रवाना हुई,लेकिन इंदौर डेढ़ घंटा देरी से दोपहर साढ़े 12 बजे पहुंची। तब ट्रेन में सवार 190 यात्री इंदौर स्टेशन पर उतरे। उनका कहना था कि ट्रेन ने इंदौर आने में काफी समय लिया। इसका किराया भी कम होना चाहिए। शाम पांच बजे अपने निर्धारित समय पर ट्रेन इंदौर से रवाना हुई। तब ट्रेन में 225 यात्री इंदौर से सवार हुए। इनमें ज्यादातर सूरत और वड़ोदरा के यात्री थे। रेलवे अफसरों का कहना है कि आने वाले दिनों में ट्रेन की बुकिंग हो रही है। राखी त्योहार को देखते हुए ट्रेन की डिमांड बढ़ी हुई है। इंदौर से मुंबई के लिए चलने वाली अवंतिका और दुरंतो एक्सप्रेस में बुकिंग नहीं मिलती है। नई ट्रेन की डिमांड भी थी। इस कारण इस स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। इस ट्रेन का संचालन 30 अगस्त तक किया जाएगा। यह ट्रेन सप्ताह में तीन दिन चलेगी। इस ट्रेन का एसी-3 टियर का किराया एक हजार 805 रुपये है, जबकि एसी-2 टियर का किराया दो हजार 430 रुपये है। एसी फर्स्ट क्लास का किराया तीन हजार 800 रुपये रखा गया है। राखी त्योहार के समय शुरू की गई इस स्पेशल ट्रेन की बुकिंग 21 जुलाई से शुरू हो गई थी। इस ट्रेन में यात्रियों को आटोमेटिक डोर व वाईफाई की सुविधा मिलेगी।

# टीसी, मार्कशीट और छात्रवृत्ति रोकने पर डीईओ करें कार्रवाई : संभागायुक्त

### अब सार्थक ऐप पर दर्ज उपस्थिति से ही होगा शिक्षकों को वेतन भुगतान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण इंदौर संभाग की संभागीय समीक्षा बैठक गुरुवार को हुई। बैठक संभागायुक्त दीपक सिंह ने ली। जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई और संभागायुक्त ने जरूरी दिशा-निर्देश भी अधिकारियों को दिए।**

इस बैठक में संभागायुक्त ने इंदौर संभाग में छात्रवृत्ति, पेंशन प्रकरणों की स्थिति, सीएम हेल्प लाइन की समीक्षा, शाला भवन की भौतिक और वित्तीय प्रगति सहित अन्य विषयों की प्रोग्रेस की समीक्षा की। उन्होंने जिला अधिकारियों, जिला समन्वक और सहायक आयुक्तों को निर्देश देते हुए कहा कि वे स्कूली शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी स्कूलों के अध्यापकों की उपस्थिति सार्थक एप से अनिवार्य रूप से दर्ज कराए। इसके आधार पर ही शिक्षकों को प्रतिमाह वेतन का भुगतान किया जाए। साथ ही निर्धारित समय पर स्कूल में उपस्थित नहीं मिलने वाले शिक्षकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के लिए भी संभागायुक्त ने कहा। उन्होंने कहा संभाग के सभी जिलों के अधिकारी अपने-



अपने क्षेत्र के स्कूलों, आश्रम, छात्रावास आदि का निरीक्षण कर बुनियादी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

संभागायुक्त ने कहा कि 31 जुलाई तक सभी विद्यार्थियों को निशुल्क साइकल वितरण कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किया जाए। साथ ही सेवानिवृत्त अधिकारियों के पेंशन प्रकरणों को निपटाया जाए। सांदीपनी स्कूलों के निर्माण संबंधी समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक कराई जाए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा चाहे जाने पर तुरंत ही मार्कशीट, टीसी तुरंत दी जाए। ऐसा नहीं करने वाले शैक्षणिक संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। सभी शिक्षा अधिकारियों को मुख्य रूप से निर्देश दिए कि किसी भी निजी स्कूलों में विद्यार्थियों की टीसी, मार्कशीट या छात्रवृत्ति रोकी गई है या ऐसे मामले आए है तो सख्त कार्रवाई करें। यह मामला सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में आया।

बैठक में संभागायुक्त सिंह ने कहा कि सभी टीचर्स समय पर स्कूल में उपस्थित रहें। स्कूलों में शत-प्रतिशत प्रवेश और नामांकन के लिए घर-घर जाकर प्रोत्साहित करें। राज्य शासन द्वारा स्कूलों को प्रदान की जा रही निशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण तय समय-सीमा में उपलब्ध कराए। निशुल्क साइकल प्राप्त होने में यदि देरी हो रही है तो वे संबंधित एजेंसी से संपर्क कर इस काम को 31 जुलाई तक पूरा कराए। छात्रावास और आश्रमों में बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में निरीक्षण करें। विशेषकर सभी स्कूलों, छात्रावास और आश्रमों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था रहे, छतों पर गंदगी और कचरे का जमाव नहीं हो। वॉशरूम में हाथ धोने के लिए साबुन की व्यवस्था रहे। मच्छरों से बचाव के लिए खिड़कियों पर मच्छरदानी लगाने की व्यवस्था रहे। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, अपार आईडी की प्रगति सहित सर्वशिक्षा अभियान के तहत राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान द्वारा संचालित छात्र-छात्राओं को मिलने वाली सुविधाएं एवं स्वस्थ्य पर भी चर्चा हुई। बैठक में लोक शिक्षण प्रभारी संयुक्त संचालक अनिता चौहान, डिप्टी कलेक्टर और प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अलीराजपुर निधि मिश्रा, लोक शिक्षण उपायुक्त विकास पुरुषोत्तम पाटीदार, इंदौर जिला अधिकारी डॉ.शांता स्वामी भार्गव सहित इंदौर संभाग के सभी जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, सहायक आयुक्त, नीतू डोंगरे सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहें।

### प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस करने आए युवक-युवतियों के साथ बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मारपीट की

# धर्मांतरण के आरोप में बजरंग दल का हंगामा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस करने आए 8 युवक-युवतियों के साथ बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मारपीट की है। युवतियों से भी धक्का-मुक्की की गई। इन पर धर्म परिवर्तन करवाने का आरोप लगा है।**

जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें भीड़ से बचाकर सुरक्षित बाहर निकाला। मीडियाकर्मियों ने भी बीच-बचाव किया। बाद में पुलिस युवक-युवतियों को अपने साथ थाने लेकर गई। बजरंग दल के विभाग संयोजक अविनाश कौशल ने बताया कि देवास के जंगलों में बड़ी संख्या में धर्मांतरण हो रहा है। ये लोग जब इंदौर आए तो इन्हें हमने समझाने की कोशिश की। इस पर ये हमें ही धमकाने लगे। बड़ी संख्या में युवतियों को ईसाई बना रहे हैं। पुलिस ने कहा कि धर्मांतरण के मामले में विवाद हुआ है। हम जांच कर रहे हैं। प्रेस क्लब में पिटाई के बाद सौरभ बनर्जी अपने आठ दूसरे साथियों के साथ एक अखबार के दफ्तर में पहुंचे। यहां से वे थाने में शिकायत करने जा रहे थे। लेकिन इस बीच देवास पुलिस वहां पहुंच गई। सभी नौ लोगों को अपने साथ ले जाने की तैयारी कर रही थी, इसी बीच बजरंग दल के कार्यकर्ता भी वहां पहुंच गए। दो दर्जन कार्यकर्ताओं ने सौरभ बनर्जी का नाम पूछा और सभी पर एक साथ टूट पड़े। इस बीच देवास पुलिस ने उन्हें बचाने की कोशिश की लेकिन सौरभ बनर्जी और उनके साथी वहां से भागने लगे। लेकिन बजरंग दल ने उन्हें भागते हुए पकड़ा और फिर पीट दिया। बजरंग दल ने सौरभ और उनके साथियों का मुंह भी काला किया। इस बीच पुलिस ने सभी को एक-एक कर अपनी गाड़ी में बैठाया और देवास ले गई। देवास के बरोठा थाना क्षेत्र के शुक्रवासा गांव के हिंदूवादी संगठनों ने पुलिस को शिकायत की थी। उनका कहना था कि गांव से लगे जंगल में टपरी बनाकर 8 युवक और 2 युवतियां रह रही हैं। उनकी गतिविधियां संदिग्ध हैं। यह लोग जरूरतमंद लोगों को पहचान कर उन्हें लालच देकर अपने साथ जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। लोगों ने धर्मांतरण की आशंका जाहिर की थी। शिकायत पर बुधवार को पुलिस गांव पहुंची और युवकों से पूछताछ की। पता चला कि इन लोगों ने शुक्रवासा के देवराज भील की साढ़े 6 बीघा जमीन सिर्फ दो हजार रुपए के किराए पर ली है। इसका उपयोग यह लोग कर रहे हैं। यहीं पर एक टपरी भी बना रखी है। पुलिस ने मोबाइल, लैपटॉप और अन्य संसाधन जब्त कर मामले को जांच में लिया है।

प्रारंभिक पड़ताल में इन्होंने खुद को पढ़ा-लिखा बताया, लेकिन कोई डिग्री मौके पर नहीं दिखा सके। इस पूरे मामले को लेकर सौरभ बनर्जी और उनके साथ एक युवती गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करने इंदौर आए थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस शुरू होने से पहले ही बजरंग दल के लोगों ने सौरभ और युवती के साथ मारपीट कर दी। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने उन्हें बचाया, वहीं कुछ ही देर में सेंट्रल कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। सौरभ बनर्जी पत्रकार है। 2018 में फ्री प्रेस अखबार से निकलने के बाद अभी ग्लोबल हैराल्ड में काम कर रहे हैं। आरोप है कि बजरंग दल कार्यकर्ता खुलेआम मीडिया के सामने ही सौरभ और उनके साथ आई युवती को जान से मारने की धमकी देने लगे। इसके बाद उन्होंने सौरभ को मीडिया से बात नहीं करने की चेतावनी दी। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान प्रेस क्लब के बाहर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। आरोप है कि सौरभ के साथ आए अन्य युवकों के साथ भी मारपीट की गई।

निगम ने जंगल के साथ लोगों की जिन्दगी भी संवारी

# वन विकास निगम ने वन सम्पदा को पुनर्स्थापित किया : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

◆ 3 लाख 15 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में वनों का पुनर्वास बड़ी उपलब्धि



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में खनन गतिविधियों और बिजली उत्पादन की प्रक्रिया में बने राख के पहाड़ों पर वनों को विकसित करने की चुनौती स्वीकार कर मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम ने वन सम्पदा को पुनर्स्थापित किया है। प्रदेश के तीन लाख 15 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में वनों का पुनर्वास करना बड़ी उपलब्धि है। वन विकास निगम इस उपलब्धि के लिए बधाई का पात्र है। यह गर्व का विषय है कि अन्य राज्य भी निगम की इस विशेषज्ञता का लाभ उठाने के लिए उत्सुक हैं। प्रदेश में अद्यतन तकनीक के माध्यम से वनों का उचित प्रबंधन किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश वन सम्पदा में देश में सर्वश्रेष्ठ है। राज्य सरकार वनों और वन उपज के साथ वन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में भी हरसंभव प्रयास कर रही है। प्रदेश के सघन वन क्षेत्र की सुरक्षा और बेहतर प्रबंधन के लिए वन सेवा के अधिकारी-कर्मचारी प्रशंसा के पात्र हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को राज्य वन विकास निगम की स्थापना के 50वें वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय वन प्रबंधन संस्थान में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में सभी दिशाओं में क्षमता विकास और प्रगति के अवसर उपलब्ध हैं। इसी का परिणाम है कि प्रदेश में वन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में विशेष पहल की जा रही है। राज्य सरकार जू (चिड़ियाघर) तथा वन्य जीवों का रेस्क्यू सेंटर स्थापित करने की दिशा में भी कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य वन विकास निगम द्वारा विकसित वनों के प्रबंधन और आगामी कार्ययोजना के बारे में विचार मंथन की आवश्यकता है। अब तक किए गए कार्यों का सिंहावलोकन करते हुए राज्य सरकार वन विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विशेष नवाचार और पहल करने के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन विकास निगम के केन्द्रों में ईको टूरिज्म की गतिविधियां संचालित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि राजस्थान का जोधपुर आम और बबूल की लकड़ी के आधार पर फर्नीचर के बड़े केन्द्र के रूप में स्थापित हुआ है। प्रदेश में उपलब्ध सागौन और अन्य श्रेष्ठ काष्ठ के उपयोग से मध्यप्रदेश भी इस प्रकार की पहल कर सकता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि मध्यप्रदेश नदियों का मायका है। प्रदेश के वन, देश की कई प्रमुख नदियों को जलराशि से समृद्ध बनाते हैं। प्रदेश के विशाल भू-क्षेत्र में फैली वन आधारित जीवनशैली हमें प्रकृति के साथ जीवन जीने का अवसर प्रदान करती है। देश में सर्वाधिक बाघ मध्यप्रदेश में हैं। चंबल क्षेत्र में घड़ियाल भी वन्यजीव पर्यटन की शोभा बढ़ा रहे हैं। वन विभाग ने विलुप्तप्राय गिद्धों का संरक्षण करते हुए प्रदेश में गिद्धों को नया जीवन प्रदान किया है। सर्पदंश से होने वाली मौतों को कम करने के लिए राज्य सरकार योजनाओं पर कार्य कर रही है। प्रदेश में सर्प गणना की तैयारी हो रही है। मध्यप्रदेश ऐसा क्षेत्र हैं, जहां टाइगर और मनुष्य सहचर्य की भावना से साथ-साथ रहते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने वन विकास निगम के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों का सम्मान किया। इनमें सर्वश्री आर.के. नामदेव, आर.एस. नेगी, रतन पुरवार, पी.सी. ताम्रकार तथा भगवंतराव बोहरपी को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निगम के स्वर्ण जयंती वर्ष पर वन विकास की आगामी कार्ययोजना पर केन्द्रित विजन-2047 का अनावरण किया। इस अवसर पर वन विकास निगम द्वारा संचालित गतिविधियों और उसकी विकास यात्रा पर केन्द्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का भारतीय वन प्रबंधन संस्थान के संचालक श्री के.रविचंद्रन ने अंगवस्त्रम और भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा भेंटकर अभिवादन किया।

## महंगी शराब बेचने वाले दुकानों पर 2.31 करोड़ का जुर्माना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** आबकारी विभाग ने तय कीमत से अधिक दामों पर शराब बेचने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। पिछले दिनों 15 जिलों के 106 लाइसेंसी शराब दुकानों पर करीब दो करोड़ 31 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। प्रदेश में एक अप्रैल से नये ठेके होने के बाद से दुकानदार मनमानी कीमतों पर शराब बेच रहे हैं, जिनकी शिकायतें भी आबकारी अधिकारियों को लगातार मिल रही हैं। यह मामला उच्च न्यायालय तक पहुंच गया और न्यायालय ने सरकार व विभाग से पूछा था कि एमआरपी से महंगी शराब क्यों बेची जा रही है? इसी के बाद से आबकारी विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। आबकारी विभाग को पिछले दिनों एक खरीदार ने शिकायत की थी कि बरखेड़ी में दुकान पर महंगी शराब बेची जा रही है। इससे टीम के एक सदस्य को 500 का नोट देकर शराब खरीदने भेजा। एक टीम दुकान के आसपास तैनात रही, जिसके पास उस नोट का नंबर और फोटो था। सेल्समैन ने उसे 450 रुपये की शराब 460 रुपये में दी। इस बीच टीम दुकान पर पहुंची और नोट जब्त कर टेस्ट परचेज का पंचनामा बनाया। एक अन्य पंचनामा भी बनाया गया, जिस पर सेल्समैन के हस्ताक्षर थे। विभाग ने दुकान संचालक को नोटिस थमा दिया था, इसी तरह सभी जगह कार्रवाई की जा रही है।

## बैल के मुंह में फटा देशी बम, इलाज के दौरान मौत, आरोपी हिरासत में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा, (एजेंसी)।** छिंदवाड़ा शहर के रिहायशी इलाके रघुवंशीपुरा में गुरुवार को एक हृदयविदारक और अमानवीय घटना ने न केवल स्थानीय लोगों को झकझोर दिया, बल्कि पशु प्रेमियों और सामाजिक संगठनों में भी आक्रोश की लहर दौड़ा दी। इंसानियत को शर्मसार करने वाले इस मामले में एक युवक ने बैल को भगाने के लिए ऐसा तरीका अपनाया, जिसने उसकी जान ही ले ली। जानकारी के मुताबिक, आरोपी मुकेश गोदरे ने अपने घर के आसपास घूम रहे आवारा पशुओं से परेशान होकर एक आटे की लोई में देशी बम भरकर फेंका। यह लोई एक बैल ने खा ली, जिससे बम उसके मुंह में ही फट गया। विस्फोट इतना जोरदार था कि बैल का जबड़ा फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद की और उसे इलाज के लिए ले जाया गया, लेकिन गहरी चोटों के चलते इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए। बम फटने की तेज आवाज सुनकर लोगों को जब पूरी सच्चाई का पता चला, तो गुस्सा भड़क उठा। पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद कोतवाली थाने की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी मुकेश गोदरे को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 325 और पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11(डी) के तहत केस दर्ज किया है। साथ ही बम स्क्वॉड की टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया, जिसने पूरे इलाके की बारीकी से जांच की।

# भाजपा नेता के फ्लैट में नर्सिंग छात्रा से दुष्कर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। अवधपुरी क्षेत्र में एक सनसनीखेज दुष्कर्म का मामला सामने आया है, जहां एक बीएससी नर्सिंग की छात्रा को उसके सीनियर ने जन्मदिन मनाने के बहाने किराए के फ्लैट में बुलाकर अपना शिकार बनाया। यह फ्लैट भाजपा के एक पूर्व पार्षद का है, जो आरोपी के दोस्त को किराए पर दिया गया था। पुलिस ने इस मामले में शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश में छापामारी की जा रही है।**

जानकारी के मुताबिक, यह घटना भोपाल के अवधपुरी थाना क्षेत्र में हुई, जहां 21 वर्षीय बीएससी नर्सिंग की छात्रा रायसेन रोड के एक निजी कॉलेज में पढ़ाई करती है। आरोपी राहुल मिश्रा पीड़िता का सीनियर है, जिसने उसे जन्मदिन मनाने के बहाने अपने दोस्त के किराए के फ्लैट में बुलाया। फ्लैट में केक काटकर और पार्टी मनाने के बाद राहुल ने अपने दोस्तों को एक कमरे में भेज दिया। इसके बाद वह पीड़िता को एक अलग कमरे में ले गया और धमकी देकर उससे दुष्कर्म किया। इस जघन्य कृत्य के बाद पीड़िता सदमे में आ गई और उसकी हिम्मत ने ही उसे थाने तक पहुंचाया। दुष्कर्म के बाद आरोपी राहुल मिश्रा ने पीड़िता को धमकी दी कि अगर उसने इस घटना के बारे में किसी को बताया, तो वह उसे जान से मार देगा। इसके बाद वह पीड़िता को बागसेवनिया में उसके किराए के कमरे तक छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता ने अपनी आपबीती अपने परिजनों को बताई, जिसके बाद वह अवधपुरी थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। अवधपुरी थाना प्रभारी रतन सिंह परिहार ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने दुष्कर्म और धमकी देने की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया और आरोपी राहुल मिश्रा की तलाश शुरू कर दी है। यह फ्लैट, जहां यह घटना हुई, भाजपा के एक पूर्व पार्षद का है, जो आरोपी के दोस्त को किराए पर दिया गया था। पुलिस इस मामले में फ्लैट के मालिक और किराएदार की भूमिका की भी जांच कर रही है। पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है और सबूत इकट्ठे करने का काम जारी है।

## पुल का ढांचा गिरने से 4 मजदूर दबे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी।** खजुराहो-ललितपुर रेलवे लाइन पर बन रहे एक पुल का ढांचा गुरुवार दोपहर गिर गया। चार मजदूर मलबे में दब गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू कर सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां अशोक कुशवाहा नाम के मजदूर की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि निर्माण कार्य में लापरवाही की शिकायतें पहले भी की गई थीं, लेकिन राजनगर के अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया। यह हादसा दोपहर करीब 12:30 बजे हुआ, जब खजुराहो-ललितपुर रेलवे लाइन पर केन नदी के पास पहाड़ी बाबन के आगे एक पुल का निर्माण कार्य चल रहा था।

## नारकोटिक्स हिरासत में आरोपी की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर, एजेंसी।** नारकोटिक्स विंग की हिरासत में एक आरोपी की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। उज्जैन जिले के उन्हेल से आरोपी महिपाल को 400 ग्राम मादक पदार्थ एमडी के साथ बुधवार रात गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद नारकोटिक्स विंग उसे कस्टडी में लेकर मंदसौर लाई। यहां उसकी तबीयत अचानक खराब हुई तो उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान गुरुवार को उसकी मौत हो गई। मृतक के चाचा जुझार सिंह का आरोप लगाया है कि महिपाल से नारकोटिक्स विंग की हिरासत में मारपीट की गई। वह बुधवार शाम 5 बजे खेत जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन गुरुवार सुबह 6 बजे टीआई राकेश चौधरी का फोन आया कि वह हिरासत में है। हम तुरंत मंदसौर पहुंचे। यहां महिपाल की मौत की जानकारी दी गई।

बालाघाट कलेक्ट्रेट में लोकायुक्त की छापामारी

# आधार Id के लिए घूस लेते कंप्यूटर ऑपरेटर गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट, एजेंसी। बालाघाट जिले के कलेक्ट्रेट कार्यालय में गुरुवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने एक कंप्यूटर ऑपरेटर को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों पकड़ लिया। मामला लोकसेवा केंद्र की बंद आधार आईडी को दोबारा सक्रिय करवाने के बदले मांगी गई 10 हजार रुपये की रिश्वत से जुड़ा था। जैसे ही कर्मचारी ने रिश्वत की रकम हाथ में ली, लोकायुक्त की आठ सदस्यीय टीम ने दबिश देकर उसे मौके पर ही धर दबोचा।**

जानकारी के अनुसार, कटंगी क्षेत्र में स्थित लोकसेवा केंद्र का संचालन अनुसुइया सलखिया द्वारा किया जाता है, जो महकेपार निवासी है। उसके पति मेहरचंद सुलखिया ने लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी कि नवंबर 2024 से उनके केंद्र की आधार आईडी बंद है और उसे दोबारा शुरू कराने के लिए बालाघाट स्थित लोकसेवा प्रबंधन कार्यालय में कई बार आवेदन दिए गए। लेकिन कार्यालय में पदस्थ सहायक सह डाटा ऑपरेटर राजेन्द्र मस्खरे ने इसके बदले 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगी।

शिकायत को गंभीरता से लेते हुए लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। 24 जुलाई की सुबह, शिकायतकर्ता मेहरचंद सुलखिया को तय की गई रकम के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय भेजा गया। जैसे ही राजेन्द्र मस्खरे ने पैसे लिए, टीम ने तत्काल छापा मारकर उसे रंगेहाथों पकड़ लिया। उस समय मस्खरे एक कमरे में बैठा था, जहां टीम ने दस्तावेजी कार्रवाई करते हुए रिश्वत की राशि को भी जब्त किया। इस अचानक हुई कार्रवाई से कलेक्ट्रेट कार्यालय में मौजूद अधिकारी और कर्मचारी सकते में आ गए। पूरे परिसर में लोकायुक्त की कार्रवाई की चर्चाएं छा गईं। अफसरों के चेहरों पर भी तनाव के भाव देखे गए और कुछ लोग बचाव की मुद्रा में नजर आए।

## संपादकीय

### पीएम मोदी ने अपने नाम किया ये खास रिकॉर्ड,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिटेन के दौरे पर हैं, इसी बीच उन्होंने एक और बेहद खास कीर्तिमान अपने नाम कर लिया है। उन्होंने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी का खास रिकॉर्ड तोड़ दिया। नरेंद्र मोदी 25 जुलाई यानी आज भारत के दूसरे सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री पद संभालने वाले पीएम बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इंदिरा गांधी के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए ये कामयाबी हासिल की है। इंदिरा गांधी सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने के मामले में दूसरे नंबर थीं। हालांकि, पीएम मोदी अब उनसे आगे निकल गए हैं। अब प्रधानमंत्री मोदी से आगे देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु ही हैं। नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यह मुकाम हासिल कर लिया। वह लगातार सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने के मामले में इंदिरा गांधी से आगे निकल गए हैं। इंदिरा गांधी 24 जनवरी 1966 से 24 मार्च 1977 तक, 4,077 दिनों तक प्रधानमंत्री रहीं। पीएम मोदी मोदी का 25 जुलाई को कार्यकाल 4,078 दिनों का हो गया है। सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड अभी भी जवाहरलाल नेहरु के नाम है। पंडित नेहरु ने 1952 से 1964 तक देश के प्रधानमंत्री की जिम्मा संभाला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात करें तो उन्होंने पीएम पद संभालने से पहले गुजरात के मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी भी संभाली है। वह 13 साल तक गुजरात के सीएम रहे। गैर कांग्रेस पीएम के तौर पर भी सबसे लंबा कार्यकाल भी प्रधानमंत्री मोदी का ही है। पीएम मोदी ने गुजरात में लगातार तीन बार □□□ को जीत दिलाई। यह जीत 2002, 2007 और 2012 में मिली। उन्होंने केंद्र में भी यह कमाल किया। उनकी पार्टी बीजेपी ने 2014, 2019 और 2024 में लगातार तीन लोकसभा चुनाव जीते। जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी अपनी जिम्मेदारी संभाल रहे जल्द ही वो नेहरु को भी पीछे छोड़ देंगे। पीएम मोदी मई 2026 में पूर्व पीएम नेहरु के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड तोड़ देंगे। इसी के साथ वो सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने वाले व्यक्ति बन जाएंगे। यह एक बड़ी उपलब्धि होगी।

### अर्ज़ किया है..!

*तुम से मिल कर इमली मीठी लगती है*
*तुम से बिछड़ कर शहद भी खारा लगता है*

-कैफ़ भोपाली

### OSHO कहिन

**"आत्मबोध की यात्रा अकेली होती है, लेकिन यह तुम्हें संपूर्ण बना देती है।"**



### महिला जगत

# पानी की शेरनी

## सिर्फ 7 साल की है ये लड़की

## थाईलैंड में तैरकर ले आई 7 गोल्ड मेडल




भारत की बेटियां आज हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रही हैं। ऐसा ही कमाल कर दिखाया है पुणे की 7 वर्षीय अवनी यादव ने, जिन्होंने थाईलैंड में आयोजित एशियन स्विमिंग चैंपियनशिप 2025 में 7 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल जीतकर तिरंगे को अंतरराष्ट्रीय मंच पर लहराया है। छोटी सी उम्र में इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल कर अवनी ने साबित कर दिया कि अगर हौसले बुलंद हों, तो उम्र सिर्फ एक नंबर है। उनकी यह उपलब्धि सिर्फ खेल का जश्न नहीं है, बल्कि महिला सशक्तिकरण की जीती-जागती मिसाल भी है। अवनी यादव की यह जीत गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने बताया कि सपने छोटे-बड़े नहीं होते, हौसले ऊंचे होने चाहिए।

### कौन हैं अवनी यादव?

सात साल की अवनी यादव महाराष्ट्र के पुणे की रहने वाली है। उनको तैराकी, ड्राइंग और डांस का शौक हो है। अवनी ने महज चार साल की उम्र में स्विमिंग की शुरुआत की थी। उनके कोच स्वप्निल कुलकर्णी हैं जो कि पूर्व राष्ट्रीय तैराक हैं।

### पानी से था प्यार तो बढ़ा तैराकी का शौक

अवनी को बचपन से ही पानी से प्यार था। उनके माता-पिता ने उनकी रुचि को पहचान कर उन्हें स्विमिंग क्लास में भर्ती कराया। कुछ ही महीनों में उन्होंने राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में मेडल जीतना शुरू कर दिया और आज वह एशियन लेवल पर भारत का गौरव बन चुकी हैं।

### अवनी यादव की उपलब्धियां

अवनी ने बेस्ट स्वीमर ऑफ द चैंपियनशिप अवार्ड जीता है। थाईलैंड में आयोजित एशियन ओपन स्कूल्स स्विमिंग चैंपियनशिप 2025 में 7 गोल्ड मेडल जीतकर भारत का नाम रोशन किया। उन्होंने अलग-अलग तैराकी श्रेणियों जैसे फ्रीस्टाइल, बटरफ्लाई, बैकस्ट्रोक आदि में मेडल जीता। साथ ही इंडिविजुअल मेडल रेस में कांटे की टक्कर देते हुए एक सिल्वर मेडल जीता। वह भारत की सबसे युवा एथलीट हैं, जिन्होंने एक इंटरनेशनल इवेंट में इतने मेडल जीते। 18 देशों के बीच अवनी ने भारत का परचम लहराया और Most Outstanding Athlete (Girls Foreign Category) का सम्मान भी जीता।

Rajasthan

# झालावाड़ में प्रार्थना सभा के दौरान स्कूल की छत गिरी, चार बच्चों की मौत, कई मलबे में दबे

**झालावाड़(एजेंसी)** राजस्थान के झालावाड़ जिले के पिपलोदी गांव में शुक्रवार सुबह एक सरकारी स्कूल की छत गिरने से दर्दनाक हादसा हुआ। यहां एक सरकारी स्कूल की बिल्डिंग की छत अचानक गिर गई, जिससे स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। प्रार्थना सभा के दौरान हुई इस घटना में करीब 20 से अधिक बच्चे मलबे में दबे होने का अनुमान है। वहीं चार बच्चों के मौत की जानकारी सामने आई है। वहीं हादसे के बाद शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिये हैं।

सूचना के बाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी,



प्रशासनिक अधिकारी और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और मलबे में दबे हुए बच्चों को बाहर निकालने का प्रयास

शुरू किया गया। घटना के बाद स्थानीय लोग मदद के लिए मौके पर पहुंचे हैं। एकजुट होकर सभी मलबा हटाने में जुटे हुए हैं। स्थानीय लोग कोशिश कर रहे हैं कि जल्दी से जल्दी बच्चों को निकाला जा सके। झालावाड़ जिले के मनोहर थाना क्षेत्र में यह हादसा सामने आया है। सामने आया है कि स्कूल की छत काफी समय से जर्जर हो रही थी और लगातार हो रही भारी बारिश के बाद छत के गिरने का अंदेशा भी बना हुआ था। गंभीर घायल बच्चों को झालावाड़ जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मलबा हटाने में रेस्क्यू टीम के साथ ग्रामीण भी पूरी तरह से लगे हुए हैं।

Uttarpradesh

## अयोध्या में इंसानियत शर्मसार... रात में बीमार बुजुर्ग महिला को लावारिस छोड़कर भागे परिजन, सुबह तोड़ा दम



**अयोध्या, (एजेंसी)** यूपी के अयोध्या में मानवता को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है. जहां एक बुजुर्ग महिला को उसके परिजन सड़क किनारे लावारिस हालत में छोड़कर फरार हो गए. बाद में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई. पूरी घटना पास के सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई है. फिलहाल, पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है. आपको बता दें कि मामला थाना कोतवाली अयोध्या क्षेत्र के किशुन दासपुर का है. यहां पर कुछ लोग रात के अंधेरे में ई-रिक्शा से एक बुजुर्ग महिला को लेकर आए और फिर सड़क किनारे लावारिस हालत में फेंककर चले गए. इस काम में महिलाएं भी साथ थीं. शर्मसार करने वाली ये घटना सीसीटीवी में कैद हो गई. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा गया कि एक ई-रिक्शा में बुजुर्ग महिला को लाया गया और किशुन दासपुर के पास फेंक दिया गया. महिला को कंबल ओढ़ाने के बाद रिक्शा सवार फरार हो गए. स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को तत्काल दर्शननगर ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया. लेकिन इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि बुजुर्ग महिला की हालत बेहद गंभीर थी, फिर भी परिजन उसे लावारिस छोड़ गए. हालांकि, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महिला को अस्पताल पहुंचाया मगर उनकी जान नहीं बचाई जा सकी.

New Delhi

## पहले खिलाए छोले-भटूरे फिर 27 बार मारे छुरे, इंस्टा पर कॉमेंट ने करा दिया खौफनाक कत्ल

**गाजियाबाद, (एजेंसी)** गाजियाबाद में ट्रोनिका सिटी थाना पुलिस ने इलायचीपुर गांव के जंगल में दो दिन पहले हुई किशोर की हत्या का पर्दाफाश करते हुए उसके तीन दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने इंस्टाग्राम पर हंसी-मजाक वाले कॉमेंटकरने पर हुए विवाद के बाद हुई मारपीट का बदला लेने के लिए किशोर पर चाकू और छुरी से 27 वार कर हत्या की थी। आरोपी किशोर को घुमाने के बहाने घर से लेकर आए थे और हत्या से पहले छोले-भटूरे भी खिलाए थे। दिल्ली के खजूरी में श्रीराम कॉलोनी निवासी 17 वर्षीय किशोर रिहान का शव मंगलवार रात को इलायचीपुर के जंगल में मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गहरे आघात से मौत की पुष्टि हुई थी। वहीं, रिहान की मां की शिकायत पर पुलिस ने बुधवार को उसके दोस्त वसीम, साहिल उर्फ टुल्ली निवासी श्रीराम कॉलोनी खजूरी दिल्ली और रिहान उर्फ पंडत निवासी कासिम विहार फेस दो, इलायचीपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। बुधवार रात पुलिस टीम ने तीनों आरोपियों को कासिम विहार कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि चारों काफी पुराने दोस्त थे। रिहान समेत सभी सोशल मीडिया पर थे।

Bihar

## आईटीबीपी के जवान की पीट-पीटकर हत्या, देहरादून से छत्तीसगढ़ से ट्रांसफर के बाद आए थे छुट्टी पर

**गया, (एजेंसी)** गया के वजीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहियाईन में गुरुवार की देर शाम आईटीबीपी के जवान संजय यादव (30) की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। उनकी उम्र 30 वर्ष थी। वह छुट्टी में घर आए हुए थे। पुलिस ने उनके शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सुपुर्द कर दिया है। अंत्येष्टि के लिए विभागीय अधिकारियों को आने का इंतजार किया जा रहा है। घटना से संबंधित कार्रवाई के लिए पुलिस आधे दर्जन ग्रामीणों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वह फिलहाल देहरादून में कार्यरत थे, जहां से छत्तीसगढ़ के लिए स्थानांतरित हुए थे। नए



स्थानांतरित जगह पर योगदान से पहले छुट्टी लेकर परिवार से मिलने घर आए थे। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताई जा रही है।

# चोटिल पंत का जुझारू प्रदर्शन, डकेट और क्राउली बने मुसीबत, इंग्लैंड का स्कोर 220 रन के पार

**मैनचेस्टर।** भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले का आज दूसरा दिन था। इंग्लैंड ने गुरुवार का खेल समाप्त होने तक पहली पारी में दो विकेट पर 225 रन बना लिए हैं। स्टंप्स के समय ओली पोप 20 और जो रूट 11 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। फिलहाल इंग्लैंड की टीम भारत से 133 रन पीछे है। इससे पहले भारत की पारी 358 रन पर सिमटी थी। जैक क्राउली और बेन डकेट ने इंग्लैंड को पहली पारी में शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 166 रनों की साझेदारी हुई, जिसे रवींद्र जडेजा ने तोड़ा। उन्होंने क्राउली को अपना शिकार बनाया। वह 113 गेंदों में 13 चौके और एक छक्के की मदद से 84 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अपने टेस्ट करियर का पहला मुकाबला खेल रहे बेन डकेट ने अंशुल कंबोज को पवेलियन की राह दिखाई। डकेट 13 चौके की मदद से 94 रन



बनाकर आउट हुए। हालांकि, वह छह रन से अपना शतक पूरा करने से चूक गए। दिन का खेल समाप्त होने तक ओली पोप 42 गेंदों में 20 और जो रूट 27 गेंदों में 11 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। भारत के लिए अंशुल कंबोज और रवींद्र जडेजा ने एक-एक विकेट चटकाए हैं। दिन का खेल 264/4 के स्कोर से शुरू हुआ था। उस वक्त रवींद्र जडेजा और शार्दुल ठाकुर 19-19 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। पहले सत्र में इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर ने घातक गेंदबाजी करते हुए जडेजा को आउट कर दिया। वह 20 रन बना पाए। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए वाशिंगटन सुंदर ने शार्दुल के साथ मोर्चा संभाला। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 48 रनों की साझेदारी हुई। शार्दुल को बेन स्टोक्स ने अपना शिकार बनाया। वह 88 गेंदों में 41 रन बनाकर पवेलियन लौटे। शार्दुल के बाद बल्लेबाजी के लिए चोटिल ऋषभ पंत आए। दरअसल, भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले के शुरुआती दिन पंत चोटिल हो गए थे। उस वक्त वह 37 के स्कोर पर थे और रिवर्स स्वीप शॉट खेलने की कोशिश में चोटिल हो गए थे। इसके बाद उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर बाहर जाना पड़ा। हालांकि, दूसरे दिन पंत की एक बार फिर मैदान पर वापसी हुई और उन्होंने 71 गेंदों में अपने टेस्ट करियर का 18वां पचासा पूरा किया। दर्द से कराहने के बावजूद पंत 75 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 54 रनों की शानदार पारी खेलने में कामयाब हुए। इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में अंशुल कंबोज खाता भी नहीं खोल पाए जबकि बुमराह चार रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद सिराज पांच रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले यशस्वी जायसवाल ने 58, केएल राहुल ने 46, साई सुदर्शन ने 61 और शुभमन गिल ने 12 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए बेन स्टोक्स ने पांच, जोफ्रा आर्चर ने तीन और क्रिस वोक्स व लियाम डॉसन को एक-एक विकेट मिला।

## एकता दर्शकों को खुश करने के लिए शोज नहीं बनाती थीं, श्वेता बोलीं- बिना सोए 72 घंटे काम करते थे



स्टार प्लस के शो कसौटी जिंदगी की से घर-घर में प्रेरणा के रूप में अपनी पहचान बनाने वाली श्वेता तिवारी ने उन दिनों को याद किया जब वो डेली सोप्स का हिस्सा हुआ करती हैं। उन्होंने कहा उन दिनों वो लोग बिना सोए 72 घंटों तक लागातर शूट करते थे। श्वेता तिवारी ने एकता कपूर की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि एकता कपूर दर्शकों को खुश करने के लिए शोज नहीं बनाती थीं, वो अपनी खुशी के लिए शोज बनाती थीं। भारती सिंह के साथ खास बातचीत में श्वेता तिवारी ने बताया, "हम लोग पूरी इंडस्ट्री में फेमस हैं कि कोई सोता नहीं था। मैं 72 घंटे शूट करती थी। 30 दिन का महीना होता था। , मुझे 45 दिनों का चेक मिलता था। सुबह से शाम 7 बजे एक होता था, शाम 7 से अगले दिन सुबह 7 बजे तक दो होते थे।" एकता कपूर की तारीफ करते हुए श्वेता तिवारी ने कहा, "वो सिर्फ हम एक्टर्स नहीं करते थे, एकता भी करती थी। एकता सोती नहीं थी, उसके पास 22 शोज थे। जब भी एकता को फोन करो वो एक रिंग में उठाती थी। वो पूरा समझाती थी और एक बार एकता ने समझा दिया, आप कहीं गलत जा ही नहीं सकते। जब भी वो लाइन बोलती थी (रिहर्सल) ये लगता था कि आपसे बेहतर वो बोल रही थी। क्या जोश था!"

## Highlights

1. SC stays Bombay HC's order acquitting all 12 in 2006 Mumbai train blasts case
2. Over 1,500 orders issued to block online gambling platforms: Govt
3. Over 4.7 lakh fake NCERT books seized in India since 2024: Govt
4. Days of US tech companies hiring workers from India over: Donald Trump
5. Claim of Jagdeep Dhankhar asked to vacate VP home immediately fake: Govt

# India to have freer access to UK market as landmark deal signed

**NEW DEIHI, (Agency).** Indian professionals will gain freer access to the UK and British exporters secure easier entry to India's vast market through dramatic tariff cuts under a comprehensive trade deal signed between Prime Minister Narendra Modi and his UK counterpart Keir Starmer on Thursday, hailed by both as a landmark partnership for shared prosperity.

The pact will boost two-way commerce by $35 billion in the long run and the two sides also unveiled plans to negotiate a Double Contribution Convention (DCC) that exempts employers of Indian workers from paying social security contributions in the UK for three years in what is expected to particularly help finance and technology sector workers.



They will also work on a Defence Industrial Roadmap for closer cooperation on military hardware. The DCC will come into force alongside the trade deal.

In London, Modi described the deal as "not just an economic partnership, but a plan for shared prosperity" that will benefit India's youth, farmers, fishermen and MSME sector. Starmer said the agreement is the "biggest and most economically significant trade deal" concluded by the UK since leaving the European Union (EU) in 2020 and also "one of the most comprehensive deals" by India. India and Britain finalised the Comprehensive Economic and Trade Agreement in May after more than three years of negotiations, and the pact was signed by commerce minister Piyush Goyal and his UK counterpart Jonathan Reynolds during Modi's visit to Britain. With the economic turmoil unleashed by US President Donald Trump's tariffs as the backdrop, both sides overcame long-standing differences on issues such as levies on British alcohol and automobiles, which are set to drop.

# Small screens and big ambitions shape new Android flagships

**NEW DEIHI, (Agency).** An intriguing shift is underway in India's smartphone market, underlined by a new generation of flagship phones. These are smaller in size, and while sporting similarly premium price tags, better ergonomics work in their favour. Smartphone makers Xiaomi, OnePlus, Vivo, as well as Apple and Samsung, now sell powerful phones with screen sizes that are either 6.3-inches or smaller.

Yet, there are layers to this — overcoming challenges posed by smaller dimensions, sustaining consumer interest, and making compact phones more affordable.



In recent years, 6.7-inch and thereabouts screen sizes became the norm for flagships. This evolution now puts the widest selection of smaller phones, for buyers to choose from. The Vivo X200 FE, which went on sale this week, finds competition from the Xiaomi 15, OnePlus 13s, as well as Samsung's Galaxy S25 and the iPhone 16e.

Current market prices peg these between ₹50,000 and ₹80,000.

"Compact flagships are gaining priority in India as users often face challenges with large-screen smartphones, such as difficulty operating them with one hand and maintaining a secure grip, raising chances of accidental drops. This has made one-handed usability a key consideration for many consumers," Tarun Pathak, Research Director at Counterpoint Research, tells HT.

# महिला के घर से पकड़ाए एसआई को लोगों ने डंडे से पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। खजराना में गुरुवार सुबह 6 बजे महिलाओं ने एक एसआई की जमकर पिटाई कर दी। उसे डंडों से पीटा। बिजली के पोल से बांधने और कपड़े उतारने की भी कोशिश की।**



जानकारी के अनुसार, एसआई सुरेश बुनकर खेड़ी इलाके में एक महिला के घर में था। महिला का अपने पति से विवाद चल रहा है। इस दौरान सुरेश उसके संपर्क में आया और पिछले दो माह से वह महिला के घर आना-जाना कर रहा था। आज महिला के परिजन और पड़ोसियों ने उसे घर से पकड़ लिया। लोगों का आरोप है कि सुरेश नशे में गालियां दे रहा था। उसकी आपत्तिजनक हालत देखकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और पिटाई कर दी। पुलिस ने फोर्स बुलाकर एसआई सुरेश को भीड़ से निकाला गया। खजराना टीआई मनोज सेंधव के मुताबिक, एसआई बुनकर को पीटने के मामले में 4 नामजद समेत अन्य पर हत्या के प्रयास के मामले में केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। कुछ महिलाओं को हिरासत में लिया है। वहीं, बुनकर को सस्पेंड कर दिया गया है। खजराना थाने से कुछ पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे, लेकिन भीड़ के विरोध के कारण वे एसआई को छुड़ाने आगे नहीं जा सके। पलासिया कंट्रोल रूम से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। इसके बाद जैसे-तैसे एसआई को भीड़ से छुड़ाया और थाने ले गए। एसआई सुरेश बुनकर पहले भी विवादों में रहा है। दो साल पहले लसूड़िया इलाके में सिंगापुर टाउन के पास नशे की हालत में ड्यूटी के दौरान उसका कुछ युवाओं से विवाद हो गया था। युवाओं ने उसकी जमकर पिटाई कर दी थी। इस दौरान बुनकर को काफी चोटें आई थीं। एसआई युवाओं को धमका रहा था, जिस पर विवाद हुआ था। बाद में लसूड़िया पुलिस ने युवाओं पर केस दर्ज किया और इलाके में उनका जुलूस निकाला था।

# पति के देरी से घर आने को लेकर विवाद के बाद महिला ने लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र अंतर्गत बिचौली मर्दाना में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान 35 वर्षीय मालती सोलंकी के रूप में हुई है। घटना बुधवार देर शाम की बताई जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, मालती के पति राजेश सोलंकी प्लम्बर का काम करते हैं। घटना के दिन वह काम से लौटे थे, जिस पर देर से आने को लेकर दोनों के बीच बहस हो गई। बहस के दौरान पति ने मालती को डांट दिया और किचन में पानी लेने चले गए। मालती भी नाराज होकर अपने कमरे में चली गई। जब कुछ देर वह बाहर नहीं आई तो पति ने कमरे में झांककर देखा। मालती फंदे पर लटकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही उनका बेटा अभिषेक और अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने आकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अब पुलिस आत्महत्या के अन्य कारणों का पता लगा रही है। मालती के तीन बेटे हैं।

## नाबालिग को चाकू मारा, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** चंदन नगर में चाकूबाजी की घटना में घायल नाबालिग की गुरुवार सुबह मौत हो गई। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने आठ दिन पहले हुए विवाद के चलते उस पर चाकू से हमला किया था। घटना के वक्त वह रात में ड्यूटी से निपटकर घर लौट रहा था, तभी रास्ते में उस पर हमला कर दिया गया। चंदन नगर पुलिस के मुताबिक, यह घटना मारुति नगर की है। यहां गणेश (16) पुत्र अभय सिंह नायक को बुधवार रात अभिषेक डाबर और उसके नाबालिग साथी ने चाकू मार दिया था। उसे पहले जिला अस्पताल और फिर एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां गुरुवार सुबह 10 बजे उसकी मौत हो गई। परिवार वालों ने बताया कि गणेश कोल्ड ड्रिंक बनाने की एक फैक्ट्री में काम करता था और रात को ड्यूटी के बाद घर लौट रहा था। पुलिस के अनुसार, गणेश पर हमला करने वाले युवक उसी इलाके के रहने वाले हैं। दोनों कोई काम नहीं करते। बताया गया है कि आठ दिन पहले गणेश ने अभिषेक और उसके नाबालिग साथी की बेल्ट से पिटाई की थी, उसी रंजिश में यह हमला किया गया। दोनों आरोपी हमले के लिए मौके की तलाश में थे। गणेश के परिवार में उसके तीन बड़े भाई हैं। वहीं, पिता की मौत करीब 10 साल पहले हो चुकी है। पुलिस ने बुधवार रात ही दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

## इंदौर क्रेन ऑपरेटर बनकर रह रहा था बब्बर खालसा का आतंकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** दिल्ली पुलिस ने बुधवार रात को इंदौर से खालिस्तानी आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल के सदस्य को पकड़ा है। उस पर पंजाब के एक थाने पर रॉकेट लॉन्चर से हमला करने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक, पंजाब से भागकर वह पहले गुजरात पहुंचा। इसके बाद इंदौर में क्रेन ऑपरेटर बनकर छिपा था। पुलिस का यह भी कहना है कि वह सोशल मीडिया के जरिए आतंकी संगठन के संपर्क में था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के डीसीपी अमित कौशिक ने बताया- आतंकवादी का नाम आकाशदीप सिंह उर्फ बाज है। वह अमृतसर में चनाचेन का रहने वाला है। उसने अप्रैल 2025 में पंजाब के गुरदासपुर के बटाला में किला लाल सिंह थाने पर रॉकेट लॉन्चर से हमला किया था। हमले की जिम्मेदारी बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े हैप्पी पासिया, मनू आगवन और गोपी नवांशहरिया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर ली थी।

पुलिस ने दावा किया था कि ये हमला उत्तर प्रदेश के पीलीभीत और पंजाब में ग्रेनेड हमलों के आरोपी को मारने का बदला लेने के लिए किया गया था। आकाश सिंह इंदौर के हीरानगर थाना इलाके की निर्माणाधीन बिल्डिंग में क्रेन ऑपरेटर का काम कर रहा था। बुधवार को दिल्ली पुलिस यहां पहुंची और उसे गिरफ्तार कर साथ ले गई। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत एक अन्य मामला भी दिल्ली में ही दर्ज है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को आकाशदीप के गुजरात में होने का सुराग मिला था। वहां पतासाजी करने पर उसके इंदौर में होने की पुष्टि हुई। इसके बाद इंस्पेक्टर अशोक कुमार भड़ाना के नेतृत्व में एक टीम इंदौर पहुंची थी। आकाशदीप से पूछताछ में आतंकी नेटवर्क, उनके विदेशी संपर्क और फंडिंग के खुलासे की उम्मीद है। डीसीपी कौशिक ने कहा- यह गिरफ्तारी बब्बर खालसा के भारत में फैले नेटवर्क के खिलाफ बड़ी सफलता है। हम आरोपी से पूछताछ कर अन्य लिंक और मॉड्यूल की जांच कर रहे हैं। बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) एक आतंकी संगठन है। इसकी स्थापना 1978 में तलविंदर सिंह परमार और सुखदेव सिंह बब्बर ने की थी। इसका उद्देश्य पंजाब को भारत से अलग कर स्वतंत्र सिख राष्ट्र 'खालिस्तान' की स्थापना करना है। भारत, अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और जर्मनी जैसे देशों ने इसे आतंकवादी संगठन घोषित कर रखा है।

NOT JUST KURTIS.
THIS IS CONFIDENCE YOU CAN WEAR.



"Crafted for today's woman—whether it's office hours or coffee dates,
Fashion Capital fuses Indian prints with Western fits that move with you."

WEBSITE
PAGE
FASHION capital
NEW ARRIVALS LIVE
FASHIONCAPITAL.IN_
FASHIONCAPITAL.DM2BUY.COM

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक